सितम्बर- 2025

# चालक दल ई पत्रिका



प्रस्तुति:
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र
उत्तर रेलवे, गाजियाबाद

## प्रेरणा स्रोत

(श्री आशुतोष पन्त )
**प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता**
**उ० रे०, मुख्यालय**
**बडौदा हाउस, नयी दिल्ली**

## मार्गदर्शन

(श्री पुष्पेश रमण त्रिपाठी )
**मंडल रेल प्रबंधक**
**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय**
**उ० रे०, नयी दिल्ली**

(श्री नवीन कुमार अग्रवाल)
**मुख्य विद्युत अभियंता/ ऑपरेशन**
**उ० रे०, मुख्यालय**
**बडौदा हाउस, नयी दिल्ली**

## निर्देशन

( श्री आत्मजीत सिंह )
**वरि० मंडल विद्युत अभियंता/ आर.एस.ओ.**
**मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय**
**उ० रे०, नयी दिल्ली**

( श्रीमती पूनम )
**प्रधानाचार्य**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

## संकलन

(अजय वीर सक्सेना)
**मुख्य प्रशिक्षक**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

(गया प्रसाद मौर्य)
**मुख्य प्रशिक्षक**
**विद्युत प्रशिक्षण केंद्र**
**उ० रे०, गाजियाबाद**

## सहयोग

(चन्द्र शेखर)
**लो.पा.शंटर / नयी दिल्ली**

# सराहनीय कार्य

## 1.0 सराहनीय कार्य : सहायक लोको पायलट श्री सतेन्द्र कुमार मुख्यालय रोहतक

दिनांक :01.09.2025 को गाड़ी संख्यां 54009 का समय 18:50 hrs पर BASN से प्रस्थान हुआ। गाड़ी कि०मी० सं० 26/13 - 27-01 पर ACP के कारण नदी के पुल पर खड़ी हो गयी। भारी बारिश के कारण नदी में बहाव बहुत तेज था। साथ ही ट्रैक के किनारे कोई रास्ता उपलब्ध नहीं था। असाधारण कदम उठाते हुए सहायक लोको पायलट ने स्वयं की परवाह न करते हुए ट्रेन के रेक के नीचे से रेंगकर TM साइड से तीसरे कोच तक पहुचकर ACP का रिसेट किया। जिसके बाद गाड़ी का वहाँ से प्रस्थान हुआ। सहायक लोको पायलट की सतर्क एवं त्वरित कार्यवाही के कारण यात्री गाड़ी का संरक्षित संचालन सुनिश्चित हो सका।

लोको क्रू की सतर्कता एवं त्वरित कार्यवाही के कारण एक बड़ी दुर्घटना को टाला जा सका। लोको क्रू की त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णायक कार्यवाही प्रशंसा और सराहना के योग्य है। इस प्रशंसनीय कार्य के लिए सहायक लोको पायलट को महाप्रबंधक के द्वारा पुरस्कृत किया गया है।



## 2.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट श्री समर्थ गौतम, सहायक लोको पायलट श्री तेजपाल मीना मुख्यालय दिल्ली

दिनांक 04.09.2025 को गाड़ी सं० 22488 (वन्दे भारत) PNP-DWNA सेक्शन के बीच कि०मी० 83/24 पर OHE से फ्लैशिंग के साथ धमाके की आवाज हुयी I लोको पायलट ने तुरंत पेंटोग्राफ को लोअर किया और इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा किया I जाँच करने पर पाया कि हरियाणा राज्य विद्युत निगम का हाई टेंशन का तार टूट कर OHE पर गिर गया था I चालक दल ने लोको एवं ट्रेन को सुरक्षित किया और फ्लैशर लाईट जला दी I जिससे विपरीत दिशा से आने वाली गाड़ी को संकेत दिया जा सके I चालक दल ने TC/NDLS तथा SM DWNA को उपरोक्त घटना की सूचना दी गयी I OHE staff ने आकर पेंटोग्राफ की जाँच की , सब कुछ सामान्य पाए जाने पर गाड़ी को डीजल लोको की सहायता से DWNA तक चलाया गया I DWNA में डीजल काटकर गाड़ी को चलाया गया I

चालक दल द्वारा की गयी निर्णायक एवं त्वरित कार्यवाही ने न केवल पेंटोग्राफ को उलझने अपितु OHE के बुनयादी ढांचे को संभावित नुकसान से भी बचाया I चालक दल की कार्यवाही सराहना के योग्य है I इस प्रशंसनीय कार्य के लिए उन्हें मंडल रेल प्रबंधक / दिल्ली के द्वारा पुरुस्कृत किया गया है I



## 3.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट श्री महेंद्र कुमार महावर, सहायक लोको पायलट श्री कमलेश कुमार सैनी मुख्यालय दिल्ली सराय रोहिल्ला



दिनांक 11.09.2025 को गाड़ी सं० 12421 NDLS-JHL-LDH सेक्शन के बीच कार्य करते समय, चालक दल ने DBSI के होम सिगनल पर पहुचते समय देखा कि सिगनल का रूट PTNR को दिखा रहा है । लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को होम सिगनल से पहले खड़ा कर दिया । इसकी सूचना TM एवं SM/DBSI को दी गयी । SM द्वारा सिगनल को पुन: ऑन करके दोबारा सही रूट सेट करके सिगनल को ऑफ किया गया । तत्पश्चात गाड़ी का प्रस्थान होम सिगनल से हुआ ।



KZH-JNA सेक्शन में जब उपरोक्त गाड़ी KM No 100/15-100/17 के बीच 109 kmph की गति से चल रही थी तो लोको पायलट को जर्क महसूस हुआ , लोको पायलट ने गाड़ी की गति को नियंत्रित किया और सावधानीपूर्वक ट्रेन को अगले स्टेशन JNA तक पहुचाया तथा पॉइंट को जाम करके गाड़ी को खड़ा कर दिया , घटना की सूचना SM/JNA को दी गयी , लोको पायलट की कार्यवाही GR- 6.07/1 के अनुरूप थी । इंजीनियरिंग स्टाफ द्वारा किये गए निरीक्षण से पता चला कि 3-4 स्लीपर की पैकिंग लूज थी जिनको ठीक किया गया । जिसके बाद ट्रैक फिट दिया गया ।


उपरोक्त दोनों घटनाओं में चालक दल की त्वरित और निर्णायक कार्यवाही ने एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया । उनकी सूझबूझ , सुरक्षा मानदंडो का कड़ाई से पालन और कार्य के प्रति समर्पण अत्यंत सराहनीय है । इस प्रशंसनीय कार्य के लिए उन्हें मंडल रेल प्रबंधक / दिल्ली के द्वारा पुरुस्कृत किया गया है ।

## 4.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट श्री इन्द्रजीत कुशवाहा, सहायक लोको पायलट श्री प्रेम प्रकाश मुख्यालय तुगलकाबाद



दिनांक 21.09.25 को गाड़ी सं० 20424 कार्य करते समय जब गाड़ी DSJ-LPNR सेक्शन में चल रही थी तो सतर्क चालक दल ने देखा कि लगभग 20 फीट लम्बी लोहे की रॉड ट्रैक पर रखी हुयी थी। लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गाड़ी को खड़ा किया गाड़ी रॉड से टकराने के बाद खड़ी हुयी। चालक दल ने लोको की जाँच की कोई असामन्यता: न मिलने पर चालक दल ने रॉड को हटा दिया और इसकी सूचना TM और SM LPNR को दी। जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान हुआ। घटना की सयुंक्त जाँच करने पर पाया गया की घटना शरारती गतिविधि के कारण हुयी थी।

चालक दल की त्वरित और निर्णायक कार्यवाही ने एक संभावित दुर्घटना को टाल दिया और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। चालक दल की त्वरित प्रतिक्रिया प्रशंसा और सराहना के योग्य है।



## 5.0 सराहनीय कार्य : लोको पायलट श्री अभिरंजन कुमार, मुख्यालय गाजियाबाद

दिनांक : 14.09.25 को गाड़ी सं ० 64472 (PNP-GZB MEMU) के मोटर मेन PNP-NDLS सेक्शन में कार्यरत थे । गाड़ी BHD-ANDI सेक्शन के बीच थी तब सतर्क चालक दल ने देखा की किलोमीटर सं० 11/16 पर एक चार पहिया कार पटरी पर पडी हुई थी । जिससे अप और डाउन दोनों लाइने बाधित हो रही थी । जिसको देखकर चालक ने तुरंत ब्रेक लगाए और गाड़ी को अवरोध से पहले ही रोक दिया और फ्लेशर लाईट ऑन की । तत्पश्चात घटना की सूचना TC/NDLS, SM/ANDI और TM को जानकारी दी । जिसके बाद पुलिस कर्मी और यात्रियों द्वारा चार पहिया कार को ट्रैक से हटाया गया , तत्पश्चात ट्रैक और OHE की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद गाड़ी का वहां से प्रस्थान हुआ ।

चालक की त्वरित और निर्णायक कार्यवाही ने एक बड़ी संभावित दुर्घटना को टाल कर यात्री और रेल की सुरक्षा सुनिश्चित की । चालक की उपरोक्त कार्यवाही उचित प्रशंसा और सराहना के योग्य है । इस प्रशंसनीय कार्य के लिए उन्हें मंडल रेल प्रबंधक / दिल्ली के द्वारा पुरुस्कृत किया गया है ।



**Photographs of site**









# धन्यवाद